सड़कों में घूम रहे आवारा मवेशी, जख्मी हो रहे लोग

नगर पालिका नहीं दे रही ध्यान, हाका गैंग भी निष्क्रिय

सिवनी, देशबन्धु। नगर की सड़कों में इन दिनों आवारा मवेशी घूम रहे हैं और कुछ झुंड में सड़कों पर बैठे नजर आ रहे हैं, जिससे राहगीर, नागरिक, वाहन चालक सभी परेशान हैं। इस मामले में नगर पालिका की हाका गैंग पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आ रही है।

हालांकि नगर पालिका के अधिकारी का सुबह 65 वर्षीय महिला सरोज मिश्रा पति स्वर्गीय चंद्रशेखर मिश्रा निवासी भैरोगंज स्टेडियम के पीछे सिवनी जो फूल तोड़ने के लिए निकली थी। तभी वहां से गुजर रहे एक सांड ने वृद्ध महिला के ऊपर हमला बोल दिया। महिला के बाएं हाथ की कोहनी में सींग घुस जाने से महिला का हाथ लहूलुहान हो गया व हड्डी में

फैक्चर आ गया। परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उनका उपचार चल रहा है।

नगर के संतोष दुबे,आसिफ खान,अन्नू मिश्रा सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि शहर के सभी मार्गों में आवारा पशुओं की धमा चौकड़ी से आए दिन घटनाएं घट रही हैं।

बीते दिवस आशीष गुप्ता जब अपनी बाइक से जा रहे थे तभी छिंदवाड़ा चौक के समीप मवेशी गाड़ी के सामने आ गया। जिससे वह गिर गई और उनके पैर की हड्डी में फैक्चर आ गया। आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया।

नागरिकों में आक्रोश- नागरिकों ने बताया कि नगर की सड़कों में पशुओं की धमा चौकड़ी के चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। मवेशियों से बचने के लिए वाहन चालक रॉन्ग साइड से वाहन निकालने के लिए मजबूर होते हैं, जिसके चलते भी वाहनों की टक्कर भी हो रही हैं। इस मामले में नगर पालिका सीएमओ आरके कुर्वेति का कहना है कि मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। अभी तक 287 मवेशियों को पकड़ा जा चुका है। आगे भी कार्रवाई जारी है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने ली शपथ

जुन्नारदेव, देशबन्धु। शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में देश की एकता अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने हेतु एनसीसी कैडेट ने शपथ ग्रहण की शपथ एनसीसी ऑफिसर मनोज शर्मा द्वारा दिलाई गई वही शपथ ग्रहण के दौरान विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित द्वारा भारत देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के भारत देश के लिए योगदान एवं दूरदर्शिता पर प्रकाश डाला गया शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित स्पोर्ट्स ऑफिसर अनुरोध शर्मा शिक्षक संजीव पाण्डे वरिष्ट शिक्षिका वर्षा बंदेवार अलका तेलंग विद्यालय शिक्षक सुधीर मिश्रा सुरेश चौबे टी आर चौहान सहित एनसीसी कैडेट एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

आबकारी विभाग ने जब्त की 120 लीटर कच्ची शराब

सात पर मामला दर्ज

सिवनी, देशबन्धु। आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश के द्वारा अवैध शराब के प्रचलन पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से संपूर्ण मध्य प्रदेश राज्य में विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, आदेश के परिपालन में कलेक्टर सिवनी सुश्री संस्कृति जैन के नेतृत्व एवं सहायक आबकारी आयुक्त सिवनी श्री शैलेश जैन के निर्देशन में आबकारी सिवनी मंडल की टीम के द्वारा छापामार कार्रवाई लगातार जारी है।

इस क्रम में आबकारी दक्षिण वृत्त तथा उत्तर वृत्त की प्रभारी सुश्री खुशबू प्रिया मरावी आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा विगत तीन दिनों में कुल दस आपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं। आबकारी विभाग के दल को प्राप्त सूचना अनुसार बरघाट क्षेत्र के ग्राम मोहगांव, कन्हीवाड़ा क्षेत्र के ग्राम जंगलटोला में अवैध शराब बनाए जाने तथा काफी अधिक मात्रा में अवैध रूप से हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाई जाने और उसे आस-पास के बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता है, जिससे जनहानि होने की आशंका रहती है। इसीलिए इस पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता है।

प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग के सिवनी मंडल के वृत्त उत्तर एवं वृत्त दक्षिण की टीम के द्वारा संबंधित क्षेत्रों में छापामार कार्यवाही की गई है। छापे की कार्यवाही में अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाने की भट्ठियां और इसे बनाने में प्रयुक्त सड़ा हुआ महुआ लाहन प्लास्टिक के अनेक ड्रमों तथा प्लास्टिक की पन्नियों व बोरियों में रखे पाया गया। जिसे आबकारी विभाग की टीम के द्वारा नष्ट किया गया है। आबकारी टीम के द्वारा ग्राम बाँकी थाना बंडोल स्थित होटल बालाजी सरकार के संचालक संजीव बघेल आत्मज मोहन सिंह बघेल उम्र 37 वर्ष निवासी गंगेरूआ टोला थाना बंडोल के कब्जे से देशी एवं विदेशी शराब बरामद होने पर उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क , 36 तथा 45 के अंतर्गत न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

सार-समाचार

कार्मेल विद्यालय में मनाया दीपों का पर्व दीपावली

करेली, देशबन्धु। नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में दीपों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास से मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा समूह गान, समूह नृत्य, भाषण, श्री राम जीवन चरित्र पर आधारित नाटिका, भजन आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा छठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, रावण आदि की वेशभूषा धारण कर नृत्य नाटिका के द्वारा श्री राम जी के जीवन चरित्र को बहुत ही मनमोहक रूप से प्रस्तुत किया गया तदोपरांत छात्र-छात्राओं के लिए कलश डेकोरेशन, कैंडल डेकोरेशन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की सुंदर प्रतिभा देखने को मिली। प्राचार्य फादर वर्गिस ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमारे अंदर प्रेम एवं सौहार्द का विकास करता है। हमें भी दीपों की तरह प्रकाशवान होकर दुनिया में प्रेम एवं सौहार्द का संदेश फैलाना चाहिए।



शिशु बाल मंदिर में बच्चों ने बनाए वंदनवार, फूलों के गुलदस्ते

गोटेगांव, देशबन्धु। बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित गैर व्यावसायिक शिक्षण संस्था शिशु बाल मंदिर गोटेगांव, बच्चों को शिक्षा के साथ धार्मिक, राष्ट्रीय संस्कारों से भी जोड़ती है। विद्यालय में दीपावली महापर्व पर शिशु बाल मंदिर के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा आम के पत्तों, मोतियों, और क्राफ्ट पेपर से बने वंदनवार, आटे एवं मिट्टी से निर्मित दिए, क्राफ्ट पेपर से बने फूलों के गुलदस्ते, फूलों की टोकनी, पूजा की थाली, प्रसाद की मटकी, त्यौहार में दिए जाने वाले उपहार बनाए गए, ताकि बच्चे त्यौहार के महत्व को सूक्ष्मता से समझे, जिसमें बाल शिक्षा समिति सदस्यों के साथ ही अध्यक्ष पंकज जैन, कोषाध्यक शिवजीत ताम्रकार, सचिव बीडी सोनी सोनी सहसचिव, एवं व्यवस्थापक आनंद अग्रवाल हाईकोर्ट अधिवक्ता प्रवीण सेन, प्रधान पाठक कमलेश नामदेवसम्मिलित थे। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजन से धार्मिक त्यौहार के महत्व और समाज में एकता की भावना पैदा होती है , जो हमारे बच्चों तक परंपराओं से अवगत कराते है।

पीएचसी मुंगवानी में प्रसूताओं को दिया आयुर्वेद का लाभ

सिवनी, देशबन्धु। शनिवार को संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी सिवनी डॉ. यशवंत कुमार माथुर के मार्गदर्शन में नवम आयुर्वेद दिवस वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार के अंतर्गत पी. एच. सी. मुंगवानी में महिलाओं को आयुर्वेद की महत्ता बताते हुए दिनचर्या, रात्रिचर्या एवं ऋतुचर्या के लाभ एवं महिला स्वास्थ्य एवं गर्भावस्था संबंधी समस्याओं के प्रति आयुर्वेद के समग्र द्रष्टिकोण जैसे योगासन, आहार, विहार को समझाया गया तथा जीवन शैली संबंधित दिशा निर्देश देकर आयुर्वेद के माध्यम से महिलाओं के सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया।

जीएच रायसोनी यूनिवर्सिटी साईंखेड़ा का दिपावली मिलन समारोह आयोजित

सौसर, देशबन्धु। जीएच रायसोनी यूनिवर्सिटी साईंखेड़ा द्वारा यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. मीणा राजेश के मार्गदर्शन में सौसर क्षेत्र के प्रेस मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों के साथ मिलकर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सौसर तहसील के सभी पत्रकार बंधूओ मे ब्रजकिशोर चांडक, राजीव जायसवाल, रमेश पातुरकर,मुकेश बागडे, दिनेश धारपुरे,सुनिल पोतरे, प्रवीण ठवरे, एकनाथ गुर्वे, अशोक सोनी, श्रीमती रिंटू खान, आकाश खंडाईत, भूषण लाकडे, धीरज राजपूत, हंसराज बारस्कर,राष्ट्रपाल ढोक ,सलिम खान,,आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का मंच संचालन विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शैक्षणिक मार्गदर्शक मनमोहन गिरे द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रजिस्टार डॉ.श्रीराम जोशी एवं विश्वविद्यालय के डिन एडमिशन डॉ.अधीर गोयल व सहयोगी टीम मे वरिष्ठ शैक्षणिक मार्गदर्शक सुखदेव कोजावले, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी संजय दास, सहायक प्राध्यापक श्रीमती अनमोल धवंडे आदि उपस्थित थे। आस पास के जिले मे सबसे बड़ा यूनिवर्सिटी कैम्पस- शनिवार को जीएच रायसोनी यूनिवर्सिटी मे प्रेसमीट के दौरान पत्रकार साथियो द्वारा यूनिवर्सिटी कैम्पस का विजिट किया गया लगभग 600 एकड़ मे फैला हुआ यूनिवर्सिटी कैम्पस है। यूनिवर्सिटी मे इंजिनियरिंग, नर्सिंग, लॉ, बीएड डीएड, पिएचडी एवं कोर्सेस संचालित किये जा रहे है इसमें सर्वाधिक कृषि संकाय से जुड़े हुए कोर्स को अधिक फोकस दिया जा रहा है।

शासकीय आईटीआई कुरई में दीक्षांत समारोह

सिवनी, देशबन्धु। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर के साथ साथ शासकीय आईटीआई कुरई में दिनाँक 26 अक्टूबर को दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि लोचन मर्सकोले जनपद अध्यक्ष कुरई एवम विशिष्ट अतिथि हसीब खान तथा आईटीआई प्रमुख श्री हरिशंकर नाग ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में आईटीआई कुरई में संचालित कोपा,वेल्डर, डीजल मैकेनिक, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक के सभी ट्रेनी को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट, अंकसूची का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। प्रत्येक ट्रेड के टॉप तीन ट्रेनी को एनटीसी एवम स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि एवम संस्था प्रमुख द्वारा वितरित किये गए। मुख्य अतिथि जी ने अपने संबोधन में ट्रेनी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम प्रभारी श्री अरुण मरावी ने बताया कि आज इंडस्ट्री में कुशल मानव तैयार करने में आईटीआई की विशेष भूमिका है। संस्था प्रमुख श्री नाग जी ने पासआउट ट्रेनी को समय के साथ बदलती तकनीक के अनुरूप खुद को ढालने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त प्रशिक्षण अधिकारी, स्टाफ, ट्रेनी का योगदान रहा। सभी पासआउट ट्रेनी अंत मे एनटीसी सेल्फी पॉइंट में फ़ोटो लेकर खुश हुए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन हुआ।

गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा का अनावरण

करेली, देशबन्धु। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा का अनावरण प्रेस बरमान चौराहा करेली में शनिवार को किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति डॉ. राजकुमार आचार्य ने की।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटैल, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह पटैल, नपा अध्यक्ष करेली सुशीला ममार व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा अन्य जनप्रतिनिधि, प्रेस परिषद करेली के अध्यक्ष, सचिव, अन्य सदस्य और गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, पत्रकारजन मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा के अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके उपरांत सभी अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल

बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी एक क्रांतिकारी पत्रकार थे और उन्हें हिन्दी पत्रकारिता का प्रमुख स्तंभ माना जाता है। वे पत्रकारिता जगत का एक ऐसा नाम थे, जिनके लेखन से ब्रिटिश सरकार भी डरती थी। किसानों एवं मजदूरों को हक दिलाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया तथा आजादी के आंदोलन में भी सक्रिय रहे थे। आज उनकी जन्मजयंती पर उन्हें सादर नमन करता हूं। प्रेस परिषद करेली को इस आयोजन के लिए बधाई देता हूं। पत्रकार साथियों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

पूर्व राज्यसभा सांसद सोनी ने इस कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि श्री गणेश शंकर विद्यार्थी का जीवन समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित था। उन्होंने अपनी लेखनी से राष्ट्रीय चेतना को जगाने का प्रयास किया।

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आचार्य ने कहा कि करेली में बौद्धिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रचना बेहद सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित तरीके से होती है। पत्रकारिता के साथ-साथ समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की जन्मजयंती पर उन्हें नमन करता हूं। कार्यक्रम में करेली प्रेस परिषद द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान किये गये। कार्यक्रम को विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटैल, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, नगर पालिका परिषद श्रीमती सुशीला ममार, पूर्व विधायक नरसिंहपुर सुनील जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल ने भी संबोधित किया।

राजस्व प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर संस्कृति जैन ने शनिवार 26 अक्टूबर को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज प्रकरणों, अविवादित नामान्तरण, बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बंधित एसडीएम एवं तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को दिये।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि 03 माह से अधिक समय से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाई जाए, सभी राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज किये जायें तथा पोर्टल में प्रकरणवार सम्पूर्ण प्रविष्टियां, पेशियां तथा निराकरण दर्ज किये जायें। उन्होंने अधिकारियों को अविवादित नामान्तरण एवं बटवारा प्रकरणों के भी त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीमांकन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये आरआई-पटवारी का दल बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी तरह अतिक्रमण को चिन्हित कर सख्ती से शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने विवादित नामांतरण प्रकरणों को भी सम्बंधित पक्षों के पक्ष को सुनकर पूर्ण संतुष्टि से निराकृत करने के निर्देश दिये।

बिछुआ बग्गू ग्राम की पुलिया क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक व हम्माल

रामाकोना, देशबन्धु। ग्राम रामाकोना से कुछ किलोमीटर दूरस्थ ग्राम बिछुआ बग्गू सड़क पर बनी पीडब्लूडी की सड़क कई दिनों से क्षतिग्रस्त अवस्था मे है किन्तु विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है चुंकि यह ग्राम नेशनल हाइवे से अंदर की और होने के कारण इसे गंभीरता पूर्वक नहीं लिया जाता इसका मुख्य कारण हो सकता है।

शनिवार को ग्राम बिछुआ बग्गू मे ईंटो से भरा ट्रैक्टर सुबह जा रहा था किन्तु पुलिया क्षतिग्रस्त होने से ट्रैक्टर का एक चक्का निचे बैठ गया.तथा चालक और हमाल बाल बाल बचे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता पुलिया निर्माण कार्य मे कितना भ्रष्टाचार हुआ होगा। इधर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रमोद पातुरकर का कहना है की विभाग को इस पुलिया के बारे मे कई बार अवगत कराया लेकिन विभाग द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया जिसके कारण आज शनिवार को ट्रैक्टर की घटना हुई। सरपंच ने बताया की ग्राम वासियो द्वारा इस पुलिया को लेकर जल्द ही आंदोलन किया जाएगा।

दैनिक राशिफल

सोमवार 28 अक्टूम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-पू.फा.।

मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

वृषभ
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

मिथुन
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

कर्क
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

सिंह
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

कन्या
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

तुला
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

वृश्चिक
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

धनु
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकर
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

कुंभ
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.

कवि-सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां

केवलारी, देशबन्धु। शनि मन्दिर सेवा परिवार, महाकाली पूजन उत्सव समिति पलारी द्वारा विगत रात्रि आयोजित कवि सम्मेलन ऐतिहासिक हो गया। आयोजक समिति के रणजीत सिंह ठाकुर, सुनील पाल,मनोज पार, विष्णु साहू, श्रीरामकृष्ण ठाकुर, दिलीप ठाकुर, कृष्ण कुमार ठाकुर, मुरली ठाकुर मुख्य सूत्रधार रहे, जिन्होंने एक यादगार कवि-सम्मेलन का आयोजन कराया।

इस आयोजन को देखने-सुनने न केवल पलारी एवं निकटस्थ ग्राम अंचल के अपितु जिला मण्डला के नैनपुर, धतूरा, अलीपुर से भी सैकड़ों श्रोता पहुँचे और देर रात तक हुई काव्य-वर्षा में भीगते रहे।

सुनीता पटेल ने ओपनिंग करते हुए गीत ग़ज़ल व शायरियों से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। उन्होंने सुनाया अइ सदा ही एक देखे हर्फ़, गीता और कुरान में, नहीं करते कभी हम फर्क शबद और पुराण में..।

भोपाल के सुनील केहरी ने दीवाली, बेनगंगा व राम-रावण विषय पर विस्तृत रचना सुनाया मेरे मका जले हजारों दीपक, उसका दीया क्यों खाली हो? ललितपुर से आये वीरेन्द्र विद्रोही ने करुण रस से वीर रस तक की सम्मोहक काव्य यात्रा कराया विजयी, विश्व,तिरंगा प्यारा, भारत की पहचान रहे, सारे जग से अच्छा केवल, अपना हिंदुस्तान रहे। संगीता सरल ने श्रोताओं को गदगद कर दिया अपनी क्षणिकाओं-मुक्तकों से खूब हँसाया, श्रोता लोट-पोट हुए।

वाह-वाह क्या बात है एपिसोड के अपने मशहूर गीत मेरा दिल ले गया थानेदार सुनकर श्रोता गण झूम उठे। मंच संचालन कर रहे प्रोफे. डॉ.राजेश ठाकुर ने अपने हास्य व्यंग्य से कवि-सम्मेलन को ऊँचाइयाँ प्रदान की। काली महोत्सव पर उन्होंने संदर्भित रचना सुनाकर खूब वाह वाही बटोरी काली कंकालन माई, काले धन वालों को क़ारावास दे। अंत में श्री रणजीत जी एवं अन्य समिति सदस्यों द्वारा समस्त कवि गण को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। समिति के कृष्ण कुमार ठाकुर ने आभार व्यक्त करते हुए सभी कवियों के नाम व स्थान को पिरोकर सुन्दर कविता सुनाई।